# एक परिवार और मिशेल के बीच दोस्ती समय की कसौटी पर खरा और गहरा-अमित शाह



**नई दिल्ली**- गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगस्ता वेस्टलैंड सौदे के कथित बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच दोस्ती 'काफी पुरानी और गहरी' है। अपने ट्वीटों में शाह ने यह भी पूछा कि क्या मिशेल जांचकर्ताओं के प्रश्नों का ब्योरा 'श्रीमती गांधी' तक पहुंचाना चाहता है। उन्होंने कहा, ''अगस्तावेस्टलैंड मामले के तार.... क्रिश्चियन मिशेल के एसओएस (अनुरोध)। क्या किसी को मालूम है कि क्रिश्चियन मिशेल ने श्रीमती गांधी को लेकर पूछे गये प्रश्नों का ब्योरा अपने वकील को क्यों दिया। क्या वह चाहता है कि ये प्रश्न श्रीमती गांधी तक पहुंचाए जाएं। क्यों?'' शाह ने कहा कि मिशेल के वकील ने माना है कि कथित बिचौलिये ने उसे कागज दिया और उसे लगा कि ये दवाओं की सूची है। भाजपा अध्यक्ष ने गांधी परिवार पर प्रत्यक्ष कटाक्ष करते हुए कहा कि लोगों ने दर्द से राहत के लिए झंडु बाम और टाईगर बाम जैसी दवाइंयां सुनी हैं लेकिन यह 'परिवार बाम' है क्या जो हर बिचौलिया चाहता है। शाह ने कहा, ''किसी भी मामले में, जो बात बार बार बतायी जानी चाहिए वह है मिशेल के वकील की कांग्रेस पृष्ठभूमि। तथाकथित निष्कासन ढोंग बना हुआ है। वह मिशेल और श्रीमती गांधी के बीच सेतु बना हुआ है।'' कांग्रेस ने पार्टी की युवा शाखा के पदाधिकारी एल्जो के जोसेफ को मिशेल के वकील के रुप में पेश होने पर निष्कासित कर दिया था।

## ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कलेक्टर के पैरों में गिरा किसान, वीडियो वायरल

**शिवपुरी**-मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में खेत के लिए बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मर न लगाए जाने की शिकायत करने आये एक किसान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह जिलाधिकारी अनुग्रह पी एवं उनके सुरक्षाकर्मियों के पैरों पर लेटकर गुहार लगा रहा है कि सिंचाई के लिए उसके खेत में ट्रांसफार्मर लगाया जाये। पैरों में लेटकर गुहार लगाने की यह घटना शुक्रवार को हुई थी, जबकि इस रविवार को यह वीडियो वायरल हुआ था। जिले के रन्नौद क्षेत्र के अजीत जाटव ने शुक्रवार को कलेक्टर एवं उसके सुरक्षाकर्मी के पैरों पर लेटकर यह शिकायत दर्ज कराई थी, कि उसने छह महीने पहले बिजली कंपनी के सुपरवाइजर के पास पूरा पैसा जमा करा दिया है। इसके बाद भी उसके खेत में ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है और उसे बिजली कनेक्शन नहीं दिया जा रहा।

## वेटिकन के प्रवक्ता और उपप्रवक्ता ने इस्तीफा दिया, कारण स्पष्ट नहीं

**वेटिकन सिटी**-वेटिकन ने सोमवार को अपने प्रवक्ता और उपप्रवक्ता के त्यागपत्र दिए जाने की घोषणा की। दोनों के इस्तीफे के पीछे कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वेटिकन ने एक बयान में कहा कि पोप फ्रांसिस ने ्रवेटिकन के प्रेस कार्यालय के निदेशक ग्रेग बुर्के और उपनिदेशक पालोमा गार्सिया ओवेजेरो का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है और एलेसेंड्रो गिसोटी को कार्यवाहक निदेशक नामित किया है।

## JDS -कांग्रेस सरकार को अपदस्थ करने की कोशिश नहीं कर रही भाजपा-येदियुरप्पा




**बेंगलुरु**-कर्नाटक भाजपा के प्रमुख बी एस येदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य में जद (एस)-कांग्रेस गठबंधन सरकार को अपदस्थ करने की कोशिश नहीं कर रही है और वह इन दोनों दलों के नेताओं के संपर्क में नहीं है। जद (एस)-कांग्रेस समन्वय समिति के प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को सरकार गिराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि गठबंधन के घटक खुद ही 'अशांत' हैं। भाजपा को सरकार गिराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि गठबंधन के घटक खुद ही 'अशांत' हैं।

# राहुल ''बेशर्म झूठे'', गुजरात को नाकाम देखने के लिए आतुर-रूपाणी



**अहमदाबाद**-गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' की निंदा करने पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए उन्हें ''बेशर्म झूठा'' बताया और कहा कि वह राज्य को विफल देखने के लिए आतुर हैं। रूपाणी ने कहा कि गुजरात के लोग गांधी की राज्य के प्रति ''नफरत'' को पहचान गए हैं और उन्होंने (लोगों ने) लगातार कांग्रेस को नाकारा है तथा आगे भी ऐसा करते रहेंगे। राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि 2019 वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के ''नाराज'' प्रायोजक अब प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले इस कार्यक्रम से जुड़े नहीं रहना चाहते। उन्होंने कहा था, ''वाइब्रेंट गुजरात समिट 2019 से नाराज प्रायोजक अब 'एनओएमओ' की अध्यक्षता वाले कार्यक्रम से जुड़े नहीं रहना चाहते। वे मंच छोड़कर चले गए, जैसा उन्हें पसंद है...खाली।'' कांग्रेस प्रमुख ने मीडिया में आ रही खबरों के हवाले से समिट को निशाना बनाया। गुजरात में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2003 में की थी। तब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे।

मीडिया की कुछ खबरों में दावा किया गया था कि ब्रिटेन ने 'वाइब्रेंट गुजरात समिट 2019' के लिए साझेदार देश बनने से इंकार कर दिया है। ब्रिटेन ने संतोषजनक वाणिज्यिक नतीजे न मिलने के कारण इस कार्यक्रम से अलग रहने का फैसला किया है। खबरों के अनुसार, अमेरिका के बाद ब्रिटेन दूसरा बड़ा देश है जिसने इस सम्मेलन से अलग होने का निर्णय किया। राहुल के ट्वीट के बाद इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रूपाणी ने एक मीडिया रिपोर्ट का लिंक साझा करते हुए ट्वीट किया, ''आप एक बेशर्म झूठे हैं राहुल गांधी। वाइब्रेंट गुजरात समिट में पहले से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं। ये रहे तथ्य।'' मीडिया रिपोर्ट में मुख्यमंत्री रूपाणी के हवाले से कहा गया है कि समिट के पहले संस्करण में 10 देशों ने हिस्सा लिया था और 2019 में 16 राष्ट्र हिस्सा ले रहे हैं। एक अन्य ट्वीट में रूपाणी ने कहा ''आपके ट्वीट का लहजा बताता है कि आप गुजरात को असफल देखने के लिए आतुर हैं। गुजराती लोग राज्य के लिए आपकी नफरत को समझते हैं, उन्होंने कांग्रेस को लगातार नकारा है और आगे भी नकारेंगे।''

## कमलनाथ ने अधिकारियों से कहा, सड़कों पर नहीं दिखनी चाहिए गौमाता

**छिन्दवाड़ा ( मध्यप्रदेश )**-देश में गौमाता पर हो रही राजनीति के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार को कहा कि मुझे गौमाता प्रदेश की सड़क पर नहीं दिखनी चाहिए। उनके लिए प्रदेश के हर जिले में जल्द से जल्द गौशालाओं का निर्माण हो और उन्हें वहां रखा जाये। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिले छिन्दवाड़ा के दौरे पर गये कमलनाथ ने संभागीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कहा, ''प्रदेश के हर जिले में गौशाला का निर्माण जल्द होना चाहिए। ये कांग्रेस का वचन पत्र का मामला ही नहीं है। ये मेरी भावना भी है।''

उन्होंने आगे कहा, ''मुझे गौमाता सड़क पर नहीं दिखनी चाहिए।''गौरतलब है कि कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव के लिए जारी अपने 'वचन पत्र' में कहा था कि प्रदेश मं कांग्रेस सरकार आने पर वह हर ग्राम पंचायत में गौशाला खोलेगी और इसके संचालन हेतु अनुदान देगी। प्रदेश में गौवध पर प्रतिबंध है, जिसके कारण राज्य में गौवंश की तादात काफी हो चुकी है।

## तीन तलाक बिल- विपक्ष का बवाल जारी, सरकार ने लगाया चर्चा से भागने का आरोप

**नई दिल्ली**-राज्यसभा में सोमवार को तीन तलाक संबंधी चर्चित विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी। कांग्रेस के नेतृत्व में लगभग समूचे विपक्ष ने इसे प्रवर समिति में भेजने की मांग की, वहीं सरकार ने आरोप लगाया कि विपक्ष मुस्लिम महिलाओं के अधिकार से जुड़े इस विधेयक को जानबूझकर लटकाना चाहता है। दोनों पक्षों के अपने-अपने रुख पर कायम रहने के कारण इस पर चर्चा नहीं हो सकी और हंगामे के कारण कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब ढाई बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर मुस्लिम महिला विवाह अधिकार सरंक्षण विधेयक 2018 को चर्चा के लिए लाया गया। इसी दौरान अन्नाद्रमुक के सदस्य कावेरी नदी पर बांध के निर्माण का विरोध करते हुए आसन के निकट आ गए।

उपसभापति हरिवंश ने हंगामा कर रहे सदस्यों से शांत होने और अपने स्थानों पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चल रही है और वहां चर्चा हो रही है। लेकिन राज्यसभा में कामकाज नहीं हो रहा है। हम अपनी भूमिका के बारे में देश को क्या संदेश देना चाहते हैं? हंगामे के बीच ही तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की मांग की और कहा कि अधिकतर विपक्षी सदस्य इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजना चाहते हैं तो सरकार इसे क्यों नहीं भेज रही। नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यह एक ऐसा विधेयक है जो बहुत से लोगों के जीवन को सकारात्मक या नकारात्मक तरीके से प्रभावित करेगा, लिहाजा विधेयक को संयुक्त प्रवर समिति में भेजकर इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विपक्ष द्वारा प्रस्ताव भी लाया गया है।

## प्रज्यात फिल्मकार मृणाल सेन का 95 वर्ष का आयु में निधन

**कोलकाता**-कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाले लेखक को समाज की सच्चाई का कलात्मक चित्रण करने के लिए जाना जाता था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्विटर पर सेन के निधन पर शोक जताया।

दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात फिल्म निर्देशक मृणाल सेन का लंबी बीमार के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। उनके परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। ''नील आकाशेर नीचे'', ''भुवन शोम'', ''एक दिन अचानक'', ''पदातिक'' और ''मृगया'' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित सेन देश के सबसे प्रख्यात फिल्म निर्माताओं में से एक थे और समानांतर सिनेमा के दूत थे।एक परिवार के सदस्य ने कहा, ''सेन का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण आज सुबह करीब साढ़े दस बजे निधन हो गया।''

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृणाल सेन के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि कुछ सर्वाधिक यादगार फिल्में देने के लिये देश उनका कृतज्ञ है।उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, ''हमारा देश कुछ सर्वाधिक यादगार फिल्में देने के लिये उनका आभारी है। जिस कौशल और संवेदनशीलता से उन्होंने फिल्में बनाईं वह गौर करने लायक है। उनकी समृद्ध कृतियों की विभिन्न पीढ़ियों के लोग प्रशंसा करते हैं। उनके निधन से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।''

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक-रवि कुमार पोत्दार, 72/74, सुयश विहार, भमोरी दुबे, इन्दौर से प्रकाशित एवं आर्टटेक ग्राफिस, 864/9, नेहरु नगर, इन्दौर म०प्र० से मुद्रीत
प्रधान संपादक-रवि कुमार पोत्दार आर.एन.आई. नम्बर-12782/2003 e-mail- censortimes@ hotmail.com Mob No-9926631707